Nai Dunia (Indore), 4th August 2022, Page 04

# आइआइटी का दीक्षा समारोह 13 अगस्त को

**इंदौर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर का दसवां दीक्षा समारोह 13 अगस्त को होगा। परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. अनिल काकोडकर मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में 486 विद्यार्थियों को उपाधि और सर्वश्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए जाएंगे। समारोह दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। शासी निकाय के अध्यक्ष प्रो. दीपक बी फाटक अध्यक्षता करेंगे। आइआइटी के मुताबिक समारोह में संस्थान से बीटेक की दसवीं बैच पासआउट होगी। -नप्र